ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शुक्रवार 24 मई 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com



# राजस्थान में गर्मी से दो दिन में 10 मौत:हॉस्पिटल के वार्डों में पानी का छिड़काव लू के मरीजों को भर्ती करने से पहले पानी-बर्फ से बॉडी को किया ठंडा




**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर. राजस्थान में नौतपा की शुरुआत 25 मई से होगी। इससे पहले ही प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। आज भी गर्मी के कारण पाली में मां-बेटे की मौत हो गई। वहीं बालोतरा के नाहटा हॉस्पिटल में एक के बाद एक गर्मी से अचेत होकर पहुंचे लोगों को पानी और बर्फ डालकर उनकी बॉडी को ठंडा किया जा रहा है। बीते दो दिन में प्रदेश के अलग-अलग जिलों में 10 लोग लू और गर्मी के कारण दम तोड़ चुके हैं। मई के आखिरी सप्ताह से पहले ही पारा 50 डिग्री के करीब है। इधर, एसीएस शुभ्रा सिंह ने प्रदेश में लू-गर्मी से हुई मौतों की जांच करने के आदेश दिए हैं। राजस्थान में गुरुवार को तेज गर्मी रही। यहां 16 शहरों में दिन का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ। चित्तौड़गढ़ 45.4, जैसलमेर 47.5, जोधपुर 47.4, बीकानेर 46.5, सिरोही 44.9, डूंगरपुर 46.8, जालोर 47.3, चूरू 47, गंगानगर 46.1,बारां 46.1, फलोदी 48.6, भीलवाड़ा 46, वनस्थली (टोंक) 45.6, कोटा 47.2 और फतेहपुर में तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा।

बाड़मेर, जालोर समेत पाकिस्तान की सीमा से लगते तमाम जिले भयंकर लू की चपेट में हैं। भीषण गर्मी का असर अब फैक्ट्रियों के कामों पर भी पड़ रहा है। बालोतरा की 700 कपड़ा फैक्ट्रियों में आज से आधे दिन ही काम होगा। वहीं, प्रदेश में सफाई कर्मचारियों अब केवल सुबह 5 से 10 बजे तक काम करेंगे। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार गर्मी के इस प्रकोप से अगले कुछ दिन तक राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। 25 से 27 मई तक राजस्थान का 75 फीसदी हिस्सा भीषण गर्मी की चपेट में रहेगा। इस दौरान अधिकांश शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हो सकता है। बालोतरा के नाहटा हॉस्पिटल के पीएमओ संदीप देवात ने बताया कि हीटवेव में बॉडी पूरी गर्म हो जाती है। इसकी वजह से लोग चक्कर आकर नीचे गिर जाते और सांस की तकलीफ हो जाती है। -ऐसे में ठंडे पानी और बर्फ की सहायता से पूरी बॉडी को ठंडा किया जाता है। इसके बाद मरीजों को एडमिट किया जा रहा है।





# काउंटिंग का काउंटडाउन शुरू

## अंतिम समय में पता चलेगा किस टेबल पर बैठकर गिनने हैं वोट, सुबह 8 बजे तक आने वाले पोस्टल वोट भी गिने जाएंगे, राण्डवार आएंगे नतीजे




**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर.राजस्थान में भीषण गर्मी ने उदयपुर, 24 मई। लोक सभा आम चुनाव- 2024 के तहत आगामी 4 जून को प्रस्तावित मतगणना को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। मतगणना दलों का प्रथम प्रशिक्षण भी शुक्रवार को संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से स्पष्ट गाइडलाइन जारी की गई है। गाइडलाइन के अनुसार मतगणना कार्य के लिए नियुक्त कार्मिकों को अंतिम समय पर ही पता चल पाएगा कि उन्हें किस विधानसभा क्षेत्र की कौनसी टेबल पर बैठकर मतगणना करनी है। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल ने बताया कि मतगणना दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन मतगणना समय से 24 घंटे पहले पर्यवेक्षक और आरओ की उपस्थिति में आयोग के निर्धारित सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा। वहीं मतगणना टेबल के आवंटन के लिए तृतीय रेंडमाइजेशन मतगणना दिवस पर अलसुबह 5 बजे निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त प्रेक्षक की उपस्थिति में किया जाएगा। मतगणना प्रक्रिया में शामिल सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को सुबह 6.30 बजे तक गणना स्थल पर अपनी उपस्थिति देनी होगी। मतगणना 4 जून को सुबह 8 बजे प्रारंभ होगी। ऐसे में समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को अपने स्टाफ के साथ सुबह 6 बजे अपनी उपस्थिति गणना स्थल पर सुनिश्चित करनी है। मतगणना के दौरान सुरक्षा एवं पारदर्शिता को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आयोग के निर्देशानुसार सभी प्रत्याशियों व चुनाव अभिकर्ताओं को मतगणना दिवस, समय व स्ट्रांग रूम खोलने की लिखित सूचना दी गई है। कोषाधिकारी सुबह 6 बजे स्ट्रांग की चाबियां सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को मतगणना स्थल पर सुपुर्द करेंगे। सुबह 7 बजे पर्यवेक्षक, प्रत्याशी व अभिकर्ताओं की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोले जाएंगे। इस दौरान संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाएगी। ईटीपीबीएस से होगी डाक मत पत्रों की प्री काउंटिंग मतगणना के दौरान सर्वप्रथम डाक मतपत्रों की गिनती की जानी है। इसके लिए डाक मत पत्र प्रकोष्ठ प्रभारी डाक मत पत्र एवं उनसे संबंधित रेकार्ड 4 जून को सुबह 8 बजे से पूर्व मतगणना स्थल पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी की टेबल पर पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। 8 बजे बाद प्राप्त होने वाले डाक मत पत्रों को गिनती में शामिल नहीं करते हुए पृथक रखा जाएगा। गणना से पूर्व ईटीपीबीएस स्कैनिंग प्रणाली से डाक मत पत्रों की प्री काउंटिंग होगी। इसके माध्यम से डाक मत पत्रों की वैधता परखी जाएगी। मीडिया सेल तक ही अनुमत रहेंगे मोबाइल मतगणना स्थल पर सक्षम अनुमति पत्र धारक मीडियाकर्मियों तथा चिन्हित कार्मिकों को मोबाइल ले जाने की अनुमति रहेगी। हालांकि मीडियाकर्मी गणना स्थल पर पुस्तकालय भवन में स्थापित मीडिया सेल तक ही मोबाइल ले जा सकेंगे। राउण्ड वार घोषित परिणामों की सूचना मीडियाकर्मियों को मीडिया सेल में उपलब्ध कराई जाएगी।

# बिभव कुमार को 4 दिन की ज्यूडीशियल कस्टडी:दिल्ली CM के पीए पर स्वाति मालीवाल से मारपीट का आरोप; 18 मई को अरेस्ट हुए थे

**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com



नई दिल्ली. AAP सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को तीस हजारी कोर्ट ने शुक्रवार को 4 दिन यानी 28 मई तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बीती 18 मई को दिल्ली पुलिस ने बिभव कुमार को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 19 मई को तीस हजारी कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने 5 दिन की पुलिस कस्टडी दी थी। बिभव कुमार को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने पर उनके वकील राजीव मोहन ने कहा, "हमने मजिस्ट्रेट को तलाशी और जब्त चीजों की लिस्ट देने के लिए धारा 165 के तहत एक आवेदन दिया है। उन्हें (विभव कुमार) चार दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। धारा 165 में तलाशी के दौरान जब्त की गई सभी चीजों की सूची प्रदान करने का प्रावधान है। हमने इस धारा के तहत आपत्ति जताई है।'' दिल्ली पुलिस जांच के लिए बिभव को मुंबई लेकर गई थी दिल्ली पुलिस PA बिभव कुमार को लेकर iPhone का डेटा रिकवर करने के लिए मुंबई भी लेकर गई थी। दरअसल, विभव ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया था कि उन्होंने अपना फोन मुंबई में फॉर्मेट कर दिया था। इसके बाद से ही पुलिस इस मामले में बिभव के मोबाइल डेटा को रिट्रीव करने की कोशिश में लगी है, क्योंकि पुलिस को उम्मीद है कि मोबाइल का डेटा मिलने से इस मामले के अहम सुराग हाथ आ सकते हैं।

# बांग्लादेशी सांसद हत्या मामला: शव को ठिकाने लगाने से पहले हल्दी पाउडर मिलाकर टुकड़ों में काटा गया



**24 न्यूज अपडेट**

कोलकाता : बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या की जांच में कई नये खुलासे हुए हैं. ये खुलासे चौकाने वाले हैं. पुलिस की जांच से से पता चला है कि अमेरिका स्थित एक दोस्त ने उन्हें मारने के लिए लगभग 5 करोड़ रुपये दिए थे. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को कोलकाता में दावा किया कि बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की 'हत्या' की प्रारंभिक जांच की गई है. जिससे पता चला है कि उनके एक करीबी दोस्त ने उन्हें मारने के लिए लगभग 5 करोड़ रुपये की सुपारी दी थी. बताया जा रहा है कि यह करीबी दोस्त अमेरिकी नागरिक है. मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी को 12 दिन की सीआईडी रिमांड पर भेज दिया गया है । ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा के प्रमुख मोहम्मद हारुन-ओर ने एक कोलकाता से प्रकाशित एक अखबार को बताया कि उनके शरीर को टुकड़ों में काटने के बाद हल्दी पाउडर डाल कर रखा गया था. हारुन-ओर-रशीद ने कहा कि ढाका का एक अमेरिकी व्यवसायी अख्तरुज्जमां शाहीन अनार की हत्या का मास्टरमाइंड है. उसने हत्यारों को इस काम के लिए पैसे दिये थे । जानकारी के मुताबिक, सांसद की हत्या के मामले में सीआइडी ने अन्य आरोपियों की ओर मुंबई से बुलाये गये एक कसाई को गिरफ्तार किया है. एक सीआईडी अधिकारी ने बताया कि 24 वर्षीय कसाई जिहाद हवलदार बांग्लादेश से आया अवैध अप्रवासी है । अधिकारी ने कहा कि वह बांग्लादेश के बराकपुर का रहने वाला है । अधिकारी ने कहा कि शाहीन के आदेश पर वह दो महीने पहले मुंबई से कोलकाता आया था. उन्होंने और अन्य चार बांग्लादेशियों ने राजारहाट के एक फ्लैट में सांसद की हत्या कर दी. फिर अपराधियों ने पहचान और सबूत मिटाने के उद्देश्य से शव का चमड़ा उतार कर उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिये. अखबार के मुताबिक, अधिकारी ने दावा किया कि उन्होंने सांसद के शव का कीमा बना दिया. फिर उन्होंने हड्डियों को छोटे टुकड़ों में काट दिया और सब कुछ प्लास्टिक के पैकेट में डाल दिया. धिकारी ने कहा कि ऐसा लगता है कि उन प्लास्टिक के पैकेट्स को कोलकाता के अलग-अलग हिस्सों में डंप किया गया होगा. इससे पहले, बांग्लादेश पुलिस ने जेनैदाह-4 से 54 वर्षीय सांसद की हत्या में कथित संलिप्तता के लिए तीन लोगों को गिरफ्तार किया था । हारुन-ओर-रशीद ने कहा कि साजिश कुछ महीने पहले ढाका के गुलशन इलाके में रची गई थी. योजना यह थी कि (अनवारुल की) हत्या एक विदेशी भूमि में की जाएगी और इस तरह से की जाएगी कि शव का पता न चल सके. उन्होंने दावा किया कि अनवारुल की 13 मई को अपार्टमेंट में कदम रखने के आधे घंटे के भीतर हत्या कर दी गई थी ।

# संपादकीयः हिंसा का सिलसिला

पश्चिम बंगाल में यह रिवायत जैसी बन गई है कि अगर वहां कोई भी चुनाव होना है तो हिंसा उसका एक पक्ष होगी। हैरानी की बात है कि वर्षों से लगातार यह स्थिति बदस्तूर कायम है, मगर इस पर लगाम लगाने के लिए अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है, सरकारों और संबंधित महकमों की ओर से कभी सख्त कदम नहीं उठाए गए। यह बेवजह नहीं है कि आज भी बहुत छोटी-सी चिंगारी से वहां हिंसा अक्सर भड़क जाती है और उसमें नाहक ही आम लोग मारे जाते हैं। फिलहाल पश्चिम बंगाल में लोकसभा के लिए अलग-अलग चरणों में चुनाव चल रहा है। इस बीच कई बार हिंसा भड़की और यह किसी तरह संभाली जा सकी। अब छठे चरण का चुनाव होने से पहले नंदीग्राम में भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के बीच हिंसक संघर्ष शुरू हो गया। इसमें एक महिला की मौत हो गई और आठ अन्य लोग पायल हुए। बुधवार की रात हुई इस हिंसा और हमले के लिए तृणमूल कांग्रेस और भाजपा ने एक दूसरे पर आरोप लगाया, मगर इससे एक बार फिर यही जाहिर हुआ है कि तमाम चिंता के बावजूद वहां चुनावी हिंसा को रोक पाना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। दरअसल, पश्चिम बंगाल के जिस नंदीग्राम इलाके में ताजा हिंसा हुई है, यहां कुछ दिन पहले से ही माहौल तनावपूर्ण था। मगर न तो राज्य सरकार ने अपनी ओर से इसे सुलझाने में रुचि दिखाई, न चुनाव आयोग को सुरक्षा व्यवस्था पर पर्याप्त ध्यान देना जरूरी लगा। नतीजतन, पहले से ही सुलग रही आग विवाद के बाद भड़क गई और इसमें एक महिला की मौत हो गई। इस हिंसा के नतीजे में फैली अराजकता और हालात बिगड़ने के बाद केंद्रीय बलों की तैनाती की गई। सवाल है कि इस तरह की हिंसा कभी भी भड़कने की आशंका बने रहने के चावजूद सरकार और चुनाव आयोग की ओर से समय रहते सुरक्षा व्यवस्था को चनाए रखने के लिए पर्याप्त इंतजाम क्यों नहीं किए गए। इतने लंबे चरणों में चुनाव कराने के बाद भी हिंसक घटनाओं पर लगाम नहीं लग पाना क्या दर्शाता है? विडंबना यह है कि इस तरह की कोई मटना जब तक तूल नहीं पकड़ लेती है, तब तक संबंधित महकमों की नींद नहीं खुलती। फिर जब तक में सक्रिय होती हैं, तब तक जानमाल का नुकसान हो चुका होता है। अफसोसनाक यह है कि पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा मानी वहां की संस्कृति बन चुकी है। शायद ही ऐसा कोई चुनाव होता होगा, जिसमें जनता से जुड़े मुद्दों पर कोई बहस आकार लेती ही और शांत या लोकतांत्रिक माहौल में मतदान संपन्न होता हो। वहां की राजनीति में सक्रिय मुख्य दलों को मुद्दा आधारित बहस खड़ा करने के बजाय अपना जनाधार खड़ा करने के लिए उकसावे और टकराव का रास्ता अपनाना शायद ज्यादा बेहतर लगता है। आखिर इस तरह की अराजकता की राह की उम्र आखिर कितनी होती है और इससे कैसी राजनीतिक संस्कृति खड़ी होती है। ऐसे में न तो कभी लोकतंत्र का रास्ता मजबूत हो सकता है, न ही जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक विमर्श संभव है। हालत यह है कि स्वच्छ चुनाव और स्वतंत्र मतदान एक बड़ी चुनौती की तरह हो गई है। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर हो चला है कि किसी इलाके में किस समूह का वर्चस्व है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि अगर हिंसा को ही राजनीतिक रूप से हावी होने का औजार बना लिया जाएगा, तो ज्यादा ताकतवर समूह हमेशा कमजोर लोगों के हक का हनन करेगा। ऐसे में लोकतंत्र की क्या गति होगी, समझा जा सकता है।

# संघर्ष के बीच

जिस दौर में इजराइल और हमास के बीच का संघर्ष अपने सबसे तीखे चरण में है, उसमें तीन यूरोपीय देशों की चल रहा ओर से फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता देने की घोषणा अंतरराष्ट्रीय राजनीति के लिहाज से एक बेहद अहम घटनाक्रम है। माना जाता है कि चूंकि अमेरिका इजराइल के साथ आमतौर पर खड़ा दिखता है, इसलिए इसका असर यूरोप पर भी होता रहा है। यही वजह है कि ज्यादातर यूरोपीय देश फिलिस्तीन के खिलाफ इजराइल के आक्रामक रवैये के बावजूद या तो चुप रहने या फिर नरम रुख अख्तियार करने का रास्ता अपनाते हैं। ऐसे में स्पेन, नार्वे और आयरलैंड की ओर से फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता देने की घोषणा निश्चित रूप से नए समीकरण खड़े कर सकता है। इस फैसले से इजराइल का परेशान होना स्वाभाविक है, क्योंकि फिलहाल उसे अंतरराष्ट्रीय समर्थन की जरूरत महसूस हो रही है। यही वजह है कि उसने इन तीनों देशों के रुख को आतंकवाद को पुरस्कृत करना बताते हुए वहां से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है। इस मसले पर नार्वे ने साफ कहा कि अरब शांति योजना के लिए फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता देना जरूरी है। स्पेन और आयरलैंड ने भी इस कदम का उद्देश्य इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष को द्वि-राष्ट्र समाधान के जरिए हल करने में मदद करना बताया है। गौरतलब है कि इजराइल पर हमास के हमले के बाद वैश्विक स्तर पर इजराइल के प्रति सहानुभूति का रुख सामने आया था। मगर उसके बाद इजराइल के बेलगाम हमले और उसमें पैंतीस हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी आम लोगों के मारे जाने के बाद अब उसके प्रति समर्थन में तेजी से कमी आ रही है। ऐसे में इजराइल का पक्ष लेने के बजाय अगर स्पेन, नार्वे और आयरलैंड ने फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता देना तय किया है तो यह एक तरह से इजराइल के रवैये पर सवाल उठाना भी है। हालांकि इससे वैश्विक स्तर पर स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में स्वीकार किए जाने के मामले में फिलिस्तीन की राह के रोड़े खत्म नहीं हुए हैं, लेकिन इतना तय है कि स्पेन, नार्वे और आयरलैंड के ताजा रुख से यूरोप के कुछ अन्य देशों पर भी फिलिस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार का समर्थन करने का दबाव बढ़ेगा।

# 100 वारदातें कुबूलीं, कालबेलिया गैंग ने ना मंदिर छोड़ा ना मस्जिद, ना छोड़ी दरगाह, कई मेलों में भी जमकर गोल्ड लूटा, 6 आरोपी गिरफ्तार, प्रतापनगर पुलिस की बड़ी कामयाबी



**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। पिछले पांच वर्ष में मन्दिरां मेलां व धार्मिक जलसों में महिलाओ के जेवरात एंव चैन काटने की 100 से अधिक वारदात करने वाली शातिर महिला व पुरुष गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। गिरोह से 10 लाख रूपये की कीमत की सोने की चैने चेन काटने के कटर एंव ईको कार जब्त । जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि प्रताप नगर पुलिस थाना टीम द्वारा कार्रवाई की गई। थानाधिकारी प्रतापनगर भरत योगी को 24 मई को स्पेशल टीम के विक्रम सिंह हैड कानि व अखिलेश्वर कुमार हैड कानि व पुलिस थाना प्रतापनगर के आसूचना अधिकारी नगेन्द्र सिंह को मुखबीर की सूचना मिली कि एक ईको कार में दो पुरुष व चार महिलाये अम्बेरी की तरफ से देबारी की तरफ आ रहे हैं जो संदिग्ध हो मन्दिरों मेलोंव धार्मिक जुलसो में भीड भाड में महिलाओ के कीमती जेवरात व चैन काटते है तथां आज देबारी क्षेत्र के घाटा वाला माताजी मन्दिर में भी महिलाओ के जेवरात व चैन काटने की फिराक में आ रहे है। टोली बनाकर भीड भाड में चैन एंव जेवरात काटने की वारदात करते है। उमेश ओझा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर उदयपुर एंव छगन राजपुरोहित वृताधिकारी वृत नगर पूर्व के सुपरविजन मे भरत योगी थानाधिकारी पुलिस थाना प्रतापनगर के नेतृत्व में पुलिस टीम स्पेशल टीम से विक्रम सिंह हैड कानि श्री अखिलेश्वर हैड कानि, नगेन्द्र सिंह कानि सुनिल कुमार कानि महिला कानि दशरथ कानि चेतना के देबारी नेशनल हाईवे नम्बर 27 पर पहुंचकर ईको कार में बैठे चार महिलाये व दो पुरुष को संदिग्ध होने से उनसे पूछताछ कर तलाशी ली गयी तो पूछताछ पर उन्होंने मामादेव मेला नाडोल जिला पाली दशा माता मेला डबोक हरियाली अमावस्या मेला सुखाडिया सर्कल . जावर माता मन्दिर टिडी उदियापोल बस स्टेण्ड डीपो एंव अन्य धार्मिको जुलसां मेलां व अन्य स्थानों से महिलाओ के गले से जेवरात मंगलसूत्र एंव चैन काटने वारदाते कबुल कर मौके पर चोरी की गयी सात चैने एंव चैन काटने के कटर अभियुक्तगण के कब्जे से बरामद किये गये। पुलिस ने मीरा कालबेलिया पत्नी श्री खेमराज कालबेलिया उम्र 43 साल निवासी रजोल थाना कल्याणपुर जिला उदयपुर, आशा कालबेलिया पत्नी बोबीन कालबेलियाउम्र 28 साल निवासी धोल की पाटी डाकन कोटडा हाल निवासी खरपीणा थाना गोवर्धन विलास, सोवनी कालबेलिया पत्नी खेमा कालबेलिया उम्र 40 साल निवासी चिकला थाना ऋषभदेव जिला उदयपुर, दाखु कालबेलिया पत्नी धन्ना कालबेलिया उम्र 45 साल निवासी देवपुरा थाना जावमाइंस, जीतु कालबेलिया पिता धन्ना कालबेलिया उम्र 30 साल निवासी देवपुरा थाना जावरमाइंस जिला सलुम्बर, खेमराज कालबेलिया पुत्र नाथु कालबेलिया उम्र 42 साल निवासी रजोल थाना कल्याणपुर जिला उदयपुर।

तरीका वारदात :- सभी अभियुक्तगण एकत्रित होकर ईको कार में बैठकर अलग अलग जिलो मन्दिरो धार्मिक जुलसो एंव मेलो मे जाकर महिला अभियुक्तगण भीड भाड. मे महिलाओ के पास झुण्ड बनाकर चलती है तथा भीड भाड मे धक्का मुक्की का बहानाकर अपने पास रखे विशेष ज्वैलर्स के काम आने वाले कटर पर कपडे की सिलाई कर उन कटर की सहायता से जवेरात मंगलसूत्र एंव चैन काटकर साथी महिलाओ को आगे पकडाकर निकल जाती है ताकि किसी को उन पर शक होने पर भी उनकी तलाशी लेने पर भी उनकी तलाशी में कोई चैन या जेवरात नही मिले। पुरुष सदस्य आस पास गाडी लेकर तैयार रहते और वारदात कर वंहा से गाडी मे बैंठकर फरार हो जाते है। बाद में आपस में बैठकर चोरी के जेवरात का बंटवारा कर लेते है।

**कहां-कहां वारदात की पूरी लिस्ट भी देखें**

| क.स. | वारदात का स्थान | वारदात का समय |
|---|---|---|
| 01 | डबोक क्षैत्र के सुखवाडा में सोने के मंगलसुत्र काटने की वारदाते | करीब एक डेढ माह पुर्व |
| 02 | रानी जिला पाली में मामादेव मेले में महिलाओ की 02 सोने की चेन काटने की वारदाते की थी। | करीब 7–8 दिन पूर्व |
| 03 | टीडी के जावरमाता मंदिर में करीब 7–8 महिने पूर्व में एक महिला की सोने चेन चेन काटने क़ी वारदाते | करीब 7–8 महिने पूर्व |
| 04 | पिछले साल जुलाई महिने में हरियाली अमावस्या के मेले में यूआईटी सर्कल के पास व सहेलियो की बाडी में एक महिला की सोने की चेन व एक बच्चे के गले में पहना हुआ सोने का मादलिया काटा था। | पिछले साल जुलाई महिने |
| 05 | सूरजपोल बस स्टेण्ड पर भीड में जाकर हमने 01 सोने की चेन चेन काटने की वारदाते | अगस्त 2023 में |
| 06 | टीडी के जावरमाता मंदिर में करीब 7–8 महिने पूर्व में एक महिला की सोने चेन काटने की वारदाते | अक्टुबर माह 2023 |
| 07 | श्रीनाथ जी मन्दिर , नाथद्वारा जिला राजसमंद के मेले मे चार महिलाओ की सोने की चेन काटने की वारदाते | एक वर्ष पुर्व |
| 08 | चारभुजा मेला जिला राजसमंद मे तीन महिलाओ की सोने की चेन काटने की वारदाते | एक वर्ष पुर्व |
| 09 | रामदेवरा , जैसलमेर मे पांच महिलाओ की सोने की चेन काटने की वारदाते | पिछले साल रामदेव जी के मेले मे |
| 10 | कपासन दरगाह मेले मे दो महिलाओ की सोने की चेन काटने की वारदाते | पिछले साल कपासन के मेले मे |
| 11 | मीरा दातार , गुजरात के मेले मे दस महिलाओ व बच्चो की चेन काटने की वारदाते | चार माह पुर्व |
| 12 | सांवरिया जी चितौडगढ के मेले मे चार महिलाओ की चेन काटने की वारदाते | दो माह पुर्व |
| 13 | अजमेर शरीफ मेले मे पांच महिलाओ की चेन | एक वर्ष पुर्व |

# डूंगरपुर में पारा 44 डिग्री पर पहुंचा:नगर परिषद ने फायर ब्रिगेड से सड़कों पर कराई पानी की बौछार, गर्मी से राहत दिलाने के प्रयास



**24 न्यूज अपडेट**

डूंगरपुर. डूंगरपुर में शुक्रवार को टेंपरेचर 44 डिग्री पर पहुंच गया। भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो गए। सड़के तेज धूप से तप गई। भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए सड़कों पर पानी की बौछार कर राहत दिलाने का प्रयास किया गया। वहीं, तेज गर्मी से सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो दिखाई दी। डूंगरपुर में सुबह से गर्मी का असर देखने को मिला। लोग गर्मी और पसीने से तरबतर हो गए। दोपहर बढ़ने तक लोगों के गर्मी से पसीने छूट गए। वहीं, तेज धूप से सड़के गर्म हो गई। झुलसा देने वाली गर्मी की वजह से लोग घरों से बाहर निकलने से कतराने लगे हैं। सड़कों पर रोजाना के कामकाजी लोग हो निकल रहे हैं। दोपहर 2 बजे तक डूंगरपुर का टेंपरेचर 44 डिग्री पहुंच गया। गर्मी से राहत दिलाने के लिए नगर परिषद ने प्रयास शुरू किए। नगर परिषद की दमकल के जरिए शहर की सड़कों पर पानी की बौछार की गई। शहर के तहसील चौराहा से लेकर नया बस स्टैंड तक पानी की बौछार कर लोगों को गर्मी से राहत दिलाने का प्रयास किया। तेज गर्मी के बीच पानी की फुहारों से लोगों को कुछ समय के लिए मामूली राहत मिली, लेकिन तेज गर्मी से लोग बेहाल नजर आए।

# सुरूर में डूबा ड्राइवर, टायरों से भरा ट्रेलर लहरा कर पलटा, चालक-परिचालक गंभीर घायल




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। उदयपुर जिले के गोगुंदा पिंडवाड़ा हाईवे पर थाना क्षेत्र के 132 केवी के समीप तेज रफ्तार टायरों से भरा ट्रेलर अनियंत्रित होकर बीच रोड पर पलट गया। हादसे में चालक व परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार गोगुंदा से और से टायर लेकर एक तेज रफ्तार ट्रेलर उदयपुर की ओर जा रहा था लेकिन चालक शराब के नशे में धुत्त होने के चलते 132 केवी के समीप घुमावदार मोड पर चालक ने अपना संतुलन खो दिया और ट्रेलर अनियंत्रित होकर बीच रोड पर पलट गया हादसे में चालक परिचालक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर गोगुंदा पुलिस व हाईवे टीम मौके पर पहुंची जहां हाईवे एंबुलेंस से दोनों घायलों को गोगुंदा अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में 2 भाइयों की मौत

## पत्थरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक नीचे दबा, दूसरा बाइक से गिरा



**24 न्यूज अपडेट**

चित्तौड़गढ़ । चित्तौड़गढ़ के भादसोड़ा थाना इलाके में बागुंड के पास शुक्रवार को सड़क हादसे में 2 भाइयों की मौत हो गई। दोनों भाई बाइक पर अनगढ़ बावजी प्रसादी में खाना खाने जा रहे थे। इसी दौरान ये हादसा हुआ। दरअसल बागुंड के पास बाइक सवार चचेरे भाइयों की सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों चचेरे भाई बाइक से अनगढ़ बावजी प्रसादी में खाना खाने जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आई पत्थरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक पलट गई। इससे एक भाई पत्थरों के नीचे दब गया। वहीं दूसरा बाइक से गिर गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों के परिजनों को सूचना दी। कूथना निवासी चचेरे भाई लोकेश (22) पुत्र रामलाल जाट और प्रकाश (25) पुत्र शंकर जाट दोनों बाइक पर सवार होकर अनगढ़ बावजी जा रहे थे। दोनों वहां प्रसादी का खाना खाने जा रहे थे। जैसे ही दोनों बागुंड के पास मेन रोड से सर्विस लेन की कट पर मुड़े, उसी दौरान सामने से आती पत्थरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी खा गया। इससे ट्रॉली में भरे पत्थर लोकेश पर जा गिरे और वो पत्थरों के नीचे दब गया। लोकेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि प्रकाश बाइक से गिर गया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट लगी। आसपास के लोगों ने प्रकाश को भादसोड़ा सामुदायिक केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसके मृत घोषित कर दिया।

## दोनों मृतकों की मां है सगी बहनें

हादसे की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर भादसोड़ा थानाधिकारी अर्जुन सिंह राव मय जाप्ता पहुंचे और सभी पत्थरों को साइड में करवाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर दोनों शव परिजनों को सौंप दिये। दोनों मृतक चचेरे भाई थे और दोनों की मां सगी बहनें है और दोनों ही अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे।

# 5 दिनों में 2,850 रुपए टूटे सोने के दाम:स्टैंडर्ड सोने की कीमत पहुंची 73,850, चांदी 92,300 रुपए पर स्थिर

**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर अंतराष्ट्रीय बाजार में हो रहे बदलाव का असर सोने और चांदी की कीमत पर नजर आने लगा है। पिछले 5 दिनों में स्टैंडर्ड सोने की कीमत में 2 हजार 850 रुपए की गिरावट आई है। इसके बाद शुक्रवार को जयपुर में 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोना 800 रुपए टूटकर 73 हजार 850 की कीमत पर पहुंच गया है। हालांकि चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं आया है। ऐसे में जयपुर में एक किलो चांदी की कीमत 92 हजार 300 रुपए पर बरकरार है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार लोकसभा चुनाव के परिणाम तक सोने और चांदी की कीमत में बदलाव का यह सिलसिला जारी रहेगा। सर्राफा व्यापारी राकेश खंडेलवाल ने बताया- बीते दिनों सोने की कीमत ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इसके बाद आम लोगों ने सोने और चांदी के आभूषणों को खरीदना बंद कर दिया था। लेकिन अब जब सोने की कीमत टूट रही है। तो एक बार फिर सोने के आभूषणों की डिमांड बढ़ने लगी है। जबकि जो लोग सोना भेज मुनाफा कमाना चाह रहे थे। वह लोग फिलहाल लोकसभा चुनाव के परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। क्यों कि उन्हें उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव बाद सोने और चांदी की कीमत में एक बार फिर इजाफा हो सकता है।

# एसपी-कलेक्टर साहब, उदयपुर के चौराहों पर लगाइये ग्रीन नेट, तगड़ी गर्मी में मौका भी है और दस्तूर भी



**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट.विचार। जयपुर में पिछले दिनों जिला प्रशासन ने चौराहों पर ग्रीन नेट लगाई है जिससे वाहन चालकों को कड़ी धूप से काफी राहत मिल रही है। इस आइडिया का खूब एप्रिशिएट किया जा रहा है। चौराहों पर रूकते समय सबसे ज्यादा गर्मी की मार दुपहिया वाहनों को झेलनी पड़ रही है। धूप और लू के बीच एक मिनट भी रूकना बहुत ज्यादा अखरता है व पसीना-पीसना कर देता है। नौतपा सिर पर है और आने वाले कुछ दिनों में तापमान और अधिक बढ़ने वाला है। ऐसे में उदयपुर में भी कलेक्टर और एसपी साहब को मिल कर ऐसी ही ग्रीन नेट उदयपुर के चौराहों पर भी लगा देनी चाहिए। बांसवाड़ा में कलेक्टर ने नया प्रयोग करते हुए शहर में जगह-जगह ऐसे शामियाने लगवाए हैं जहां पर रूक कर दो पल गर्मी से राहत ली जा सकती है। वहां ठंडा पानी भी उपलब्ध है। यह प्रयोग भी उदयपुर में किया जा सकता है। इसके अलावा ग्रीन नेट के साथ ही फुहारों के रूप में पानी छिड़काव की मशीनें भी लगाई जा सकी है। ताकि आमजन को राहत मिल सके। इसके लिए स्वयंसेवी संस्थओं से भी मदद ली जा सकती है जो आसानी से मिल भी जाएगी।

# किश्त नही भर पाने से परेशान वाहन मालिक ने गाड़ी को किया आग के हवाले !



**24 न्यूज़ अपडेट**

बाड़मेर. राजस्थान के बाड़मेर में एक बोलेरो कैंपर गाड़ी को आग के हवाले करने की घटना सामने आई. बोलोरो गाड़ी में आग लगने की सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, कड़ी मशक्कत के बाद बोलेरो गाड़ी में लगी आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक गाड़ी जलकर पूरी तरह से राख हो गई. बताया जा रहा है कि गाड़ी की किश्त समय पर नही भर पाने के कारण गाड़ी मालिक ने फाइनेंस कार्मिक को देखकर गाड़ी को आग लगा दी.

# पुणे एक्सीडेंट केस में कमिश्नर बोले- सबूतों से छेड़छाड़ हुई

**24 न्यूज़ अपडेट**



पुणे. पुणे पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि पोर्श एक्सीडेंट मामले में सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की गई थी। ताकि यह दिखाया जा सके कि आरोपी नाबालिग गाड़ी नहीं चला रहा था। पुलिस ने आरोपी के पिता, बार मालिकों और मैनेजर के खिलाफ दर्ज FIR में धोखाधड़ी की धारा 420 भी जोड़ी है। नाबालिग के पिता विशाल अग्रवाल सहित सभी छह आरोपियों को 7 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कमिश्नर ने कहा- हमारे पास नाबालिग के पब में शराब पीते हुए सीसीटीवी फुटेज हैं। ऐसे में हम सिर्फ ब्लड सैंपल रिपोर्ट पर निर्भर नहीं रहेंगे। साथ ही इंटरनल इन्क्वॉयरी में पता चला है कि कुछ पुलिसकर्मियों की ओर से चूक हुई थी और सबूत नष्ट करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नाबालिग के पिता-दादा का दावा था- गाड़ी ड्राइवर चला रहा था दरअसल पुणे पोर्श केस के आरोपी नाबालिग के दादा सुरेंद्र अग्रवाल ने दावा किया था कि घटना के वक्त कार उनका फैमिली ड्राइवर चला रहा था। नाबालिग के दोस्तों ने भी ड्राइवर की बात कही है। पुलिस की पूछताछ में ड्राइवर ने भी अपने पहले बयान में गाड़ी चलाने की बात स्वीकार की है। वहीं, पुलिस की गिरफ्त में मौजूद आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल ने भी पुलिस को कहा था कि गाड़ी उसका बेटा नहीं, बल्कि हमारा फैमिली ड्राइवर चला रहा था। वहीं, पुलिस ने विशाल का फोन जब्त किया है। विशाल की कॉल डिटेल और अन्य जानकारी निकालने की कोशिश कर रही है। दूसरी तरफ पुणे के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (RTO) आरोपी नाबालिग को 25 साल की उम्र के पहले लाइसेंस जारी नहीं करेगा। साथ ही RTO ने पोर्श कार का टेंपरेरी रजिस्ट्रेशन 12 महीने के लिए रद्द कर दिया है।

# बूथ वाइज डेटा अपलोड करने का निर्देश नहीं दे सकते

## SC बोला- 5 फेज की वोटिंग हो चुकी, चुनाव आयोग के लिए मैनपावर जुटाना मुश्किल



**24 न्यूज़ अपडेट**

नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को चुनाव आयोग की वेबसाइट पर 48 घंटे के अंदर बूथ वाइज वोटिंग डेटा और फॉर्म 17सी डेटा अपलोड करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया। TMC नेता महुआ मोइत्रा, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा और NGO एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) ने यह याचिका लगाई थी।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की वेकेशन बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि लोकसभा चुनाव के 5 फेज की वोटिंग हो चुकी है। बेंच ने कहा- अब सिर्फ दो फेज की ही वोटिंग बाकी हैं। ऐसे में डेटा अपलोडिंग के लिए मैनपावर जुटाना चुनाव आयोग के लिए मुश्किल होगा। चुनाव बाद रेगुलर बेंच मामले को देखेगी।

वोटिंग प्रतिशत में फर्क आने पर याचिका लगाई गई लोकसभा चुनाव शुरू होने के बाद वोटिंग के दिन चुनाव आयोग वोटर टर्नआउट जारी करता है। इसके कुछ दिन बाद वह इस फेज के फाइनल डेटा जारी करता है। कांग्रेस, ADR और तृणमूल ने दोनों डेटा में अंतर आने के बाद ही सवाल उठाए और सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई।

याचिका के मुताबिक, चुनाव आयोग ने 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के 11 दिन बाद और 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान के चार दिन बाद 30 अप्रैल को फाइनल वोटिंग पर्सेंट जारी किया था। इसमें वोटिंग के दिन जारी शुरुआती आंकड़े के मुकाबले वोटिंग पर्सेंट लगभग 5-6 प्रतिशत ज्यादा था।

### चुनाव आयोग ने 22 मई को दिए हलफनामे में तीन बातें कही थीं

ADR ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी कि चुनाव आयोग मतदान होने के 48 घंटे के अंदर हर पोलिंग बूथ पर डाले गए वोटों का आंकड़ा जारी करे। ADR ने याचिका में फॉर्म 17 की स्कैन की हुई कॉपी भी चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने की मांग की थी। 17 मई को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा था। चुनाव आयोग ने तीन बातें कही थीं... चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एफिडेविट में कहा था कि फॉर्म 17सी (हर मतदान केंद्र पर डाले गए वोटों का रिकॉर्ड) के आधार पर वोटिंग डेटा का खुलासा करने से मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा होगा, क्योंकि इसमें बैलेट पेपर की गिनती भी शामिल होगी।

ऐसा कोई कानून नहीं है, जिसके आधार पर सभी मतदान केंद्रों का फाइनल वोटिंग डेटा जारी करने के लिए कहा जा सके। फॉर्म 17सी केवल पोलिंग एजेंट को दे सकते हैं। इसे किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को देने की अनुमति नहीं है। फॉर्म 17सी वह प्रमाण पत्र है, जिसे पीठासीन अधिकारी सभी प्रत्याशियों को प्रमाणित करके देता है।

आयोग ने कहा था कि कई बार जीत-हार का अंतर नजदीकी होता है। आम वोटर फॉर्म 17सी के अनुसार बूथ पर पड़े कुल वोटों और बैलेट पेपर को आसानी से नहीं समझ सकते। ऐसे में इसका इस्तेमाल गलत तरीके से चुनावी प्रक्रिया पर कलंक लगाने के लिए किया जा सकता है, जिससे मौजूदा चुनाव में अव्यवस्था फैल सकती है।

# राहत की खबरः कंबाइंड साइकिल पावर प्लांट की तीन इकाइयां शुरू, प्रदेश को मिलेगी 330 मेगावाट बिजली



**24 न्यूज़ अपडेट**

धौलपुर. राजस्थान प्रदेश के लिए भीषण गर्मी में राहत की खबर आई है. धौलपुर में लंबे समय से बंद पड़ा कंबाइंड साइकिल पावर प्लांट राज्य सरकार के निर्देश पर शुरू हो गया है. इससे प्रदेश को 330 मेगावाट बिजली दी जाएगी. प्लांट के चीफ इंजीनियर सोन सिंह मीणा ने बताया कि धौलपुर का कंबाइंड साइकिल पावर प्लांट विगत लंबे समय से बंद पड़ा था. राज्य सरकार के निर्देश पर पावर प्लांट की तीन इकाइयां बुधवार से शुरू की गई है. इससे 330 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है. शुरुआत में विद्युत सप्लाई भरतपुर, करौली और हिंडौन को दी जा रही है. सरकार के निर्देश में बिजली सप्लाई को आगे भी बढ़ाया जाएगा. धौलपुर के पावर प्लांट के शुरू होने से निश्चित तौर पर प्रदेश वासियों को बिजली की समस्या से निजात मिलेगी. पावर प्लांट का खर्चा ज्यादाः चीफ इंजीनियर सोन सिंह मीणा ने बताया कि धौलपुर कंबाइंड साइकिल पावर प्लांट गैस से संचालित होता है. ऐसे में इसका खर्चा सरकार अधिक वहन करती है. बिजली उत्पादन के हिसाब से 12.50 रुपये प्रति यूनिट बिजली का खर्च किया जाता है.

शुरुआत में भरतपुर संभाग को देंगे बिजलीः चीफ इंजीनियर मीणा ने बताया कि कंबाइंड साइकिल पावर प्लांट से शुरुआत में टेस्टिंग कर भरतपुर संभाग को बिजली दी जा रही है. धौलपुर, भरतपुर, करौली और हिंडौन को विद्युत आपूर्ति सुचारू तरीके से शुरू कर दी गई है. बाद में राजस्थान के अन्य जिलों में भी आपूर्ति दी जाएगी. चीफ इंजीनियर मीणा ने बताया कि जिस प्रकार खपत बढ़ेगी, उसी के मुताबिक बिजली की आपूर्ति दी जाएगी.

### कोटा थर्मल की सातों यूनिट में उत्पादन हुआ बंद, अंधेरे में डूबे कोटा, बूंदी सहित अन्य जिले

ट्रिपिंग, फॉल्ट एवं वोल्टेज से मिलेगी निजातः बिजली का उत्पादन कम एवं खपत अधिक होने की वजह से धौलपुर जिले में बिजली के लिए त्राहिमाम मची हुई थी. राज्य सरकार की पहल पर पावर प्लांट की शुरुआत होने से धौलपुर जिले के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी. इसके अलावा बिजली ट्रिपिंग, फॉल्ट एवं कम वोल्टेज से लोगों को छुटकारा मिलेगा. बिजली के कम वोल्टेज होने की वजह से विगत 15 दिन से धौलपुर जिले में इलेक्ट्रिक उपकरण फुंकने से लोगों का भारी नुकसान भी हुआ है.

# ब्लैकमेल करने वाले मजनूओं का फटे कपड़ों में जुलूस, लोग फिल्मी स्टाइल में साथ चले, पुलिस जिंदाबाद के नारे लगे

**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। इन मजनूओं ने एक महिला को ब्लैकमेल कर किडनैप करने की धमकी दी थी। उससे सोने की ज्वेलरी ऐंठ ली और रुपयों की डिमांड करने लगे। किडनैप की धमकी देने लगे और महिला के घर वसूली को पहुंच गए। उसके बाद पुलिस ने इनका वो हाल किया कि अब बार-बार माफी मांग रहे हैं। पुलिस ने चारों मजनूओं को सड़क पर एक किलोमीटर पैदल घुमाया। सभी बदमाश लड़खड़ाकर चलते रहे। इन्होंने इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर महिला को धमकाना शुरू कर दिया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बिंदायका की 25 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि सालभर पहले इंस्टाग्राम पर उसकी दोस्ती विक्रम बलाई से हुई। बातचीत भी होने लगी। विक्रम ने बातचीत के दौरान एक वीडियो की स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर ली व उसको वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। परेशान होकर पीड़िता ने पति को बात बताई तो पति को भी धमकाने लगा। इसके बाद सोने की ज्वैलरी ऐंठ ली और विक्रम साथियों के साथ पीड़िता के घर पहुंच गया। उसको नहीं पता था कि यहां उसका खेल खत्म होने वाला है। पुलिस ने चारों को पकड़ लिया। फुलेरा के माल्यावास गांव निवासी विक्रम बलाई (23) पुत्र सुवालाल, मानसरोवर के मान्यावास मोहरू नगर निवासी विजय गोठनीवाल (23) पुत्र रामजीलाल बलाई, नागौर के परबतसर के खानपुर हाल जयपुर के श्याम नगर वर्धमान नगर निवासी संजय वर्मा उर्फ संजू (20) पुत्र कालूराम बलाई, परबतसर के खानपुर राजपूतों का मोहल्ला निवासी लक्ष्मण राजपूत उर्फ लक्की (19) पुत्र मूल सिंह को गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद पुलिस कल शाम करीब 7:30 बजे चारों बदमाशों को लेकर मौके का नक्शा बनाने के लिए गई। चारों को पुलिस की टीम पैदल ले गई। इस दौरान बदमाश फटे कपड़ों में लड़खड़ाते हुए सड़कों पर चल रहे थे। याने थाने में शानदार खातिरदारी हुई और गर्मी उतर गई। इनको देखकर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई व फिल्मी स्टाइल में पुलिस और बदमाशों के साथ लोगों की भीड़ पैदल चलने लगी। लोगों ने पुलिस प्रशासन जिंदाबाद के नारे लगाए।



# चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, 9 हजार 898 किलो नकली घी को पकड़ा

**24 न्यूज़ अपडेट**

धौलपुर. 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत जिले के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को रीको औद्योगिक क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया और 9 हजार 898 किलो नकली घी को पकड़ा है. अचानक की गई इस कार्रवाई से फैक्ट्री संचालकों में हड़कंप मच गया. फूड इंस्पेक्टर पदम सिंह परमार ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण इकबाल खान अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा और सीएमएचओ डॉ. जयंती लाल मीणा के निर्देश पर धौलपुर रीको औद्योगिक क्षेत्र में एक प्राइवेट लिमिटेड फर्म से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत 3 नमूने घी के लिए. साथ ही संदेह के आधार पर 9 हजार 898 किलो घी भी सीज किया गया. फूड इंस्पेक्टर परमार ने बताया कि डेयरी से लिए गए नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं. जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बताया कि जिले भर में लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लेने का कार्य किया जा रहा है. आमजन को शुद्ध आहार उपलब्ध हो, इसके लिए विभाग प्रतिबद्ध है. खाद्य कारोबारियों को स्वच्छ व स्वस्थ्य खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय के लिए जागरूक किया जा रहा है, साथ ही मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, विनियम 2011 के तहत कार्रवाई, निरीक्षण, नमूनीकरण, सर्विलेंस, जब्ती, नष्टीकरण का कार्य सतत रूप से किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि मिलावट की शिकायत व्हाट्स एप नंबर 9462819999 पर भी की जा सकती. शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखी जाएगी. समाज का कोई भी व्यक्ति मिलावटखोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज करा सकता है.



# भीषण गर्मी को देखते हुए एमबी अस्पताल में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद, लू तापाघात वार्ड बनाया, आरक्षित किए 15 बैड

**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com




24 न्यूज अपडेट उदयपुर। गर्मी के कहर और लू के बीच चिकित्सा विभाग में सबके अवकाश स्थगित किए जा चुके हैं। आपात इंतजाम को एक्टिवेट किया गया है और लू व हिट वेव से बचने के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं हो चुकी है। 24 न्यूज अपडेट टीम की ओर से उदयपुर के महाराणा भूपाल चिकित्सालय का जायजा लेकर अधीक्षक डॉक्टर आर एल सुमन से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में गर्मी अपना कहर बरपा रही है। लू ओर हिट वेव से जनजीवन बेहाल हो चुका है। संभाग के सबसे बड़े हॉस्पिटल महाराणा भूपाल हॉस्पिटल में भी हॉस्पिटल प्रबंधन ने व्यवस्था की है। इसके लिए अलग से लू तापाघात वार्ड बनाया गया है जिसमे 10 बेड लगाए गए हैं। साथ ही तत्काल राहत के लिए जीवन रक्षक ओआरएस घोल की भी व्यवस्था की गई है । डॉ आर एल सुमन ने कहा कि हमने सारे वार्डों, ओटी आदि में कूलर, एसी की व्यवस्थाएं ठीक कर दी हैं। मेडिकल इमरजेंसी में 10 और पीडिएट्रिक इमरजेंसी में भी 5 बेड सुरक्षित करवाए है। कंट्रोल रूम चौबीस घंटे चलेगा। परिसर में भी वाटर कूलर आरओ की व्यवस्था है। नए नए आरओ भी लगाए हैं। पक्षियों के लिए परिण्डे व मटकी रखवाई है। हमारा प्रयास है कि यहां पर रहते मरीज को कोई परेशानी नहीं हो। बढ़ते तापमान के बीच लोगों को 12 से 4 बजे के बीच घरों से कम से कम निकलें व पानी की एक बोतल हमेशा साथ रखें। अभी उदयपुर में तापमान नियंत्रण में है। अभी हीट स्ट्रोक के पेशेंट नहीं आए हैं मगर संभागीय अस्पताल होने के नाते हमारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद हैं। इधर, अस्पताल में मरीजों की संख्या गर्मी के मद्देनजर बढ रही है। आउटडोर में भी पेशेंटों की भीड़ देखी जा सकती है। मरीजों के साथ आने वाले तीमारदार भी गर्मी से बेहाल हैं क्योंकि उन्हें कॉरिडोर में बिना पंखों के बैठ कर दिन-रात बिताने पड़ रहे हैं। कई लोग तो रात को गलियारों में भी सोते हुए दिखाई दे रहे हैं। राज्य सरकार ने अस्पताल के कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगा दी है जिससे वे लोग जिन्होंने गर्मी में घूमने का प्लान बनाया था, वह चौपट हो गया है। अवकाश के लिए आने वाले कर्मचारियों को जरूरी होने पर ही अवकाश दिया जा रहा है। कई लोगों ने अपने घूमने का प्लान अस्पताल प्रशासन के अनुरोध पर या तो स्थगित किया है या फिर आगे बढ़ा दिया है।

# टाटा कंपनी का ट्रक, वोल्टाज एसी के खोखे, अंदर से निकली फॉर सेल इन हरियाणा दारू



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। एसी की आड में अवैध रूप से गुजरात तस्करी की जा रही थी विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब फॉर सेल इन हरियाणा को आबकारी पुलिस ने जप्त किया है। महावीर राठौड उपायुक्त आबकारी निरोधक दल उदयपुर व भरत मीणा सहायक आबकारी अधिकारी उदयपुर के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह राठौड व धोलाराम विश्नोई प्रहराधिकारी खैरवाडा द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई। उदयपुर अहमदाबाद हाइवे पर खाण्डी ओबरी टोल नाके के दौराने नाकाबन्दी में एक टाटा ट्रक को रूकवाकर तलाशी लेने पर वोल्टाज एसी की आड में गुजरात तस्करी की जा रही विभिन्न ब्राण्ड्स की 454 कार्टन अंग्रेजी शराब फॉर सेल इन हरियाणा की भरी बरामद की गई। उक्त शराब की बाजार कीमत करीबन 30 लाख रूपये है, उक्त कार्यवाही में आबकारी निरीक्षक व धोलाराम विश्नोई प्रहराधिकारी खैरवाडा के साथ बन्शीलाल सिपाही, बालकिशन सिपाही, मन्नालाल सिपाही, पुष्पकान्त पटेल, अमृतलाल की भूमिका रही।

# राजस्थान में पूरी हुई वन्यजीव गणना :1000 से ज्यादा मचानों पर वनकर्मियों के साथ वॉलिंटियर्स ने गिने वन्यजीव

**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com



जयपुर. राजस्थान में अब तक की सबसे बड़ी वन्य जीव गणना का समापन हो गया है। प्रदेशभर के जंगलों में 1000 से ज्यादा वाटर पॉइंट्स पर मचान लगाकर वनकर्मी और वॉलिंटियर्स ने बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर वन्यजीवों की गणना की। इसके साथ ही लगभग 2000 से ज्यादा वाटर पॉइंट्स पर ट्रैप कैमरा की मदद से वन्यजीवों की गणना की गई है। इसका डेटा क्रॉस वैरिफिकेशन और एनालिसिस के बाद जारी किया जाएगा। राजस्थान के मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक पवन उपाध्याय ने बताया- पिछले 24 घंटे वाटर होल पद्धति से चली इस वन्य जीव गणना से प्रदेश में मौजूद टाइगर, लेपर्ड, भालू, जरख, हिरण, नीलगाय, सियागोश, लोमड़ी, जंगली सुअर, जंगली बिल्ली, नेवला और सांभर समेत सभी छोटे बड़े वन्यजीवों और उनकी प्रजातियों की जानकारी हासिल की गई है। अब इसका ट्रैप कैमरे से ली गई तस्वीरों से मिलन होगा। इसके बाद विशेषज्ञों की देखरेख में फाइनल रिपोर्ट तैयार की जाएगी। वन्यजीवों की संख्या में इजाफा होने की प्रबल संभावना सूत्रों के अनुसार इस बार की वन्यजीव गणना में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आ सकते हैं। क्योंकि पिछले लंबे वक्त से ग्रास लैंड समेत वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कई तरह के प्रयास किए गए थे। इसकी वजह से वन्यजीवों की संख्या में इजाफा होने की प्रबल संभावना है। इसके बाद भविष्य में वन्यजीवों से जुड़ी गतिविधियों का खाका तैयार किया जाएगा। इस बार जयपुर के झालाना लेपर्ड रिजर्व में भी कुल 12 वाटर पॉइंट पर मचान बनाए गए थे। गलता रिजर्व क्षेत्र में 7 मचान, सूरजपोल में 4, झोटवाड़ा, गोनेर और मुहाना में 1-1 मचान बनाए गए थे, जहां बड़ी संख्या में महिला कर्मचारियों ने भी भी वन्य जीवों की गणना की। 24 घंटे तक वाटर पॉइंट पर बेड वन कर्मियों और वॉलिंटियर्स ने वन्यजीवों की गणना की। बता दें कि जयपुर प्रादेशिक रेंज क्षेत्र में कुल 26 मचान थे। इनमें 26 वनकर्मी और 26 स्वयंसेवक मचान पर रहे। इनमें 5 महिला वनकर्मी और 5 महिला स्वयंसेवक भी गणना में मचान पर मौजूद रहे। हालांकि अब मचान से मिले डेटा का ट्रैप कैमरे से मिली तस्वीरों से मिलान होगा। उसके बाद जयपुर वन विभाग के अधिकारी फाइनल रिपोर्ट प्रदेश स्तर पर भेजेंगे। बता दें कि पिछले साल बारिश के चलते वाटर होल पद्धति से वन्य जीव गणना नहीं हो पाई थी। ऐसे में इस बार वन्यजीवों की गणना को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वाटर होल पद्धति से वन्य जीव गणना से ही वन्य जीवों की संख्या के वास्तविक आंकड़े मिल पाएंगे। जो जल्द दी वन विभाग द्वारा जारी किए जाएंगे।

## अमर शहीद कुंवर प्रतापसिंह बारहठ की जयंती पर रक्तदान शिविर में दिखा उत्साह




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। आज अमर शहीद कुंवर प्रतापसिंह बारहठ की 132वीं जंयती है। महान क्रांतिवीर केसरीसिंह बारहठ व माता माणिक्य कंवर के पुत्र केसरीसिंह बारहठ 24 मई 1893 को भीलवाड़ा शाहपुरा के पास देवपुरा गांव में हुआ था। 1912 में लार्ड हॉर्डिंग की बग्घी पर बम फेंकने के बनारस कांड में वे जेल गए। बरेली जेल में अमानवीया यातनाएं दी गई। बरेली जेल में चार्ल्स क्लीवलैंड ने घोर यातनाएं दी ओर कहा - "तुम्हारी माँ रोती है " तो इस वीर ने जबाब दिया - " में अपनी माँ को चुप कराने के लिए हजारों माँओं को नहीं रुला सकता। " और किसी भी साथी का नाम नहीं बताया। 7 मई 1918 को जेल में ही अंग्रेजों की कठोर यातनाओं से वे शहीद हो गये। ऐसे अमर शहीद को आज मेवाड़ चारण महासभा द्वारा याद किया गया। स्वतंत्रता संग्राम में आहुति देने वाले अमर शहीद कुंवर प्रताप सिंह बारहठ की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजकों ने बताया कि मेवाड़ चारण महासभा पिछले 14सालों से बारहठ की जयंती को मानती आ रही है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगो को कुंवर प्रताप सिंह बारहठ के बारे में लोगो को जानकारी देना और जीवनी से लोगो को प्रेरणा देना हैं। इस बार 100 से अधिक युनिट रक्तदान की उम्मीद है।

# प्रदर्शन करने आए ऑटो चालकों ने कह दी बड़ी बात- सिटी बसें ओवरलोड-ठसाठस जा रहीं, उनका चालान क्यों नहीं? मिलीभगत या कोई दबाव?




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। आज अपने हकों के लिए कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन देने आए ऑटो चालकों ने जिला प्रशासन को बड़ी बात कहते हुए आईना दिखा दिया। जो जिला प्रशासन नेम प्लेट, वर्दी, रूट, सवारी और कागजात के नाम पर रोज ऑटो चालकों को परेशान कर रहा है उनके दनादन चालान बना रहा है वो ओवरलोड सिटी बसों के नाम पर चुप क्यों हैं? ओवरलोड बसों का चालान क्यों नहीं हो रहा है। उसमें बैठी हुई पांच ज्यादा सवारियां ऑटो चालकों को ही तो हक मार रही है। उन पर प्रशासन की मेहरबानी को क्या कहेंगे। आप किसी भी रूट की बस को देख लीजिए ठसाठस जा रही है। ठसाठस होकर आती है फिर भी उसमें 10 से 20 सवारियां और सवार हो जाती हैं। इन पर मेहरबानी की क्या वजह है। कोई दबाव है या मिलीभगत? ये बसें अपने तय बस स्टॉप पर भी नहीं रूकती, चाहे जहां रोक देते हैं। इन पर कार्रवाई क्यों नहीं। इसके अलावा रेंट पर या ऑनलाइन सेवाएं देने वालों के कितने चालान हो रहे हैं? वे भी अनुचित रूप से ऑटो चालकों का हक मार रहे हैं। दरअसल ऑटो चालक इन दिनो बार-बार चालान बनाए जाने से तंग आ चुके हैं। सभी युनियनों ने एक होकर आज नारेबाजी की, प्रदर्शन किया व कलेक्टर एसपी के सामने अपने मन की बात रखी। दोनों अधिकारियों ने भी तसल्ली से सुना और सहयोग का आश्वासन दिया व ऑटो चालकों से मांगा। सहमति बनी कि नाम व नंबर ऑटो पर लिखेंगे मगर कोर्ट को स्टे आदेश है वर्दी नहीं पहनेंगे। सभी ऑटो चालक अपने कागजों को 15 दिन में पक्के कर लेंगे। जिनके प्रोसेस में है उनके चालान नहीं बनेंगे। संघर्ष समिति एक ही बनेगी व उस मंच पर एसपी कलेक्टर को बुलाया जाएगा। ऑटो वालों ने कहा कि उदयपुर की पर्यटन व्यवस्था सुधरने में हम योगदान देते हैं व देते रहेंगे।

## यह कहा ज्ञापन में

हाल ही में विधायक महोदय, उदयपुर शहर ने जिला प्रशासन को केवल ऑटो चालकों के लिये वर्दी, नेम प्लेट, आई कार्ड लगाने तथा ऑटो के अन्दर नाम पता, मोबाईल नम्बर, एवं पर्यटन पुलिस के नम्बर, पुलिस हेल्प लाईन नम्बर आदि लगाने के आदेश जिला प्रशासन को दिया गया । इस सम्बन्ध में उदयपुर ऑटो टेक्सी ड्राईवर्स एसोसिएशन का निवेदन है कि निम्न बिन्दुओं पर विचार करना आवश्यक है । वर्दी के सम्बन्ध में स्थानीय कोर्ट द्वारा दिनांक 30.7.1996 को वर्दी एवं मीटर पर स्थाई निषेधाज्ञा पारित किया गय है। मोटर व्हीकल एक्ट में नेम प्लेट लगाने का कोई प्रावधान नहीं हैं। ऑटो टेक्सी में ड्राईवर के लिये केवल अपना लाईसेन्स एवं बेज नम्बर (बेज) लगाने का प्रावधान है। एसोसिएशन द्वारा बेज चालु कराये गये मगर बाद में बन्द कर दिये गये जो तत्काल प्रभाव से चालू कर ऑटो टेक्सी ड्राईवरों को राहत प्रदान करावें। इस कार्य हेतु एसोसिएशन द्वारा पूर्ण सहयोग किया जायेगा। आवश्यक है। पर्यटन पुलिस नम्बर एवं हेल्प लाईन नम्बर ऑटो टेक्सी में लगाने, ऑटो टेक्सी में ऑटो नम्बर, ओनर परमिट आदि पीले स्टीकर में लगानो की। स्टे की पालना करने का आदेश दें जिससे ऑटो टेक्सी ड्राईवरों को परेशान नही हो। नेम प्लेट, आई कार्ड, वर्दी आदि लगाने का प्रयास नहीं करें, अन्यथा एसोसिएशन को मजबूर होकर विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित अधिकारियों की होगी ।




24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।